राइजिंग राजस्थान- 350 करोड़ रूपये के निवेश धरातल पर

—तीन कम्पनियाँ यथा इंडियन एक्सप्लोसिव्स प्राइवेट लिमिटेड, सनकाइंड फोटोवॉल्टेक्स प्राइवेट लिमिटेड और स्टेनवैक (सुपेरॉन ग्रुप) राज्य में करेंगी 350 करोड़ रूपये का निवेश

जयपुर, 8 जनवरी। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट-2024 में निष्पादित किए गए एमओयू एक के बाद एक धरातल पर उतर रहे हैं। रीको द्वारा तीन और कम्पनियों इंडियन एक्सप्लोसिव्स प्राइवेट लिमिटेड, सनकाइंड फोटोवॉल्टेक्स प्राइवेट लिमिटेड और स्टेनवैक (सुपेरॉन ग्रुप) को औद्योगिक इकाई लगाने के लिए भूखण्ड आवंटित कर दिए गए हैं। इनमें इंडियन एक्सप्लोसिव्स प्राइवेट लिमिटेड को भीलवाड़ा जिले के उखलिया औद्योगिक क्षेत्र, सनकाइंड फोटोवॉल्टेक्स प्राइवेट लिमिटेड को माथासुला औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर एवं स्टेनवैक (सुपेरॉन ग्रुप) को सलारपुर औद्योगिक क्षेत्र, भिवाड़ी में भूमि उपलब्ध करवाई गई है।

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के दौरान इन तीनों कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने राज्य में निवेश करने में रूचि दिखाते हुए राज्य सरकार के साथ एमओयू किए थे। एमओयू के पश्चात् रीको ने भूमि आवंटन से लेकर परियोजना की शुरूआत तक, सभी प्रक्रियाओं को कम्पनियों के लिए बहुत आसान बनाया। भूखण्ड उपलब्ध होने के पश्चात् कम्पनियों द्वारा जल्द ही औद्योगिक इकाई के परिचालन का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

इंडियन एक्सप्लोसिव्स प्राइवेट लिमिटेड (ऑस्ट्रेलियाई बहुराष्ट्रीय कम्पनी की भारतीय सहायक कंपनी) को वेदांता की खदानों के पास ही भूमि की आवश्यकता होने के कारण भीलवाड़ा जिले के उखलिया औद्योगिक क्षेत्र में भूखण्ड आवंटन किया गया है।

इंडियन एक्सप्लोसिव्स प्राइवेट लिमिटेड रूपये 50 करोड़ के चरणबद्ध निवेश एवं 10 एकड़ भूमि पर अपनी परिचालन प्रक्रिया शुरू करके रोजगार के नए अवसर उत्पन्न करेगी जो स्थानीय अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय योगदान होगा। इस नई इकाई का लक्ष्य राजस्थान में नॉइज टेक्नोलॉजी पर आधारित प्लांट के निर्माण पर होगा। यह तकनीक विशेष रूप से खनन सहित कई औद्योगिक अनुप्रयोगों के लिए आवश्यक है। कम्पनी विस्फोटकों, ब्लास्टिंग सिस्टम, खनन रसायनों और भू-तकनीकी निगरानी समाधानों की विश्व में अग्रणी निर्माता और आपूर्तिकर्ता है।

ग्रीन टेक सेक्टर की कंपनी सनकाइंड फोटोवॉल्टेक्स प्राइवेट लिमिटेड माथासुला औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर में 10 एकड़ भूमि पर 200 करोड़ का निवेश करने के साथ लगभग 800 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराएगी। राजस्थान में शुरू होने जा रही कम्पनी की यह नई इकाई भारत के साल 2030 तक 500 गीगावॉट के रिन्यूबल एनर्जी कैपेसिटी के लक्ष्य को प्राप्त करने में मील का पत्थर साबित होगी।

इंजीनियरिंग क्षेत्र में अग्रणी कंपनी स्टेनवैक (सुपेरॉन ग्रुप) को रीको द्वारा भिवाड़ी के सलारपुर औद्योगिक क्षेत्र में 12.5 एकड़ भूमि पर 100 करोड़ के निवेश एवं करीब 300 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु इकाई लगाने के लिए भूखण्ड आवंटित किया गया है। कंपनी स्टेनलैस स्टील वेल्डिंग वायर्स एवं वेल्डिंग इलेक्ट्रोड्स उत्पाद बनाएगी।

रीको के प्रबंध निदेशक श्री इंद्रजीत सिंह ने बताया कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट-2024 में कई बड़ी कम्पनियों ने राजस्थान में अपनी औद्योगिक इकाई लगाने के लिए एमओयू किए जो उनका राज्य सरकार एवं यहां की औद्योगिक नीतियों के प्रति अटूट विश्वास दर्शाता है। इसी विश्वास पर खरा उतरने के लिए रीको प्रयासरत है। हाल ही रीको ने इंजीनियरिंग, ग्रीन टेक सेक्टर एवं खनन क्षेत्र की तीन अग्रणी कम्पनियों को भूखण्ड आवंटित किए हैं। ये तीनों क्षेत्र ही ऐसे हैं जो राज्य ही नहीं देश के आर्थिक विकास के लिए भी मजबूत स्तम्भ साबित हो रहे हैं। जिन कम्पनियों ने एमओयू किए हैं, उन्हें भूखण्ड आवंटन हेतु रीको कटिबद्ध है।

औद्योगिक विकास के लिए रीको की प्रतिबद्धता—

राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डवलपमेंट एंड इनवेस्टमेंट कॉर्पोरेशन जो औद्योगिक विकास के लिए राजस्थान सरकार के अधीन प्रमुख निकाय है, का नई कम्पनियों के लिए यह रणनीतिक सहयोग राज्य के औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने और राज्य में वैश्विक निवेश आकर्षित करने के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। राज्य में निवेश में रूचि दिखाने वाली नई कंपनियों को बिना विलंब भूमि आवंटन कर रीको द्वारा न केवल राज्य के औद्योगिक ढांचे को मजबूत किया जा रहा है अपितु इसे अंतरराष्ट्रीय व्यवसायों के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में स्थापित करने का पुरजोर प्रयास किया जा रहा है।

——————